Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार सच का साथी दिनांक 21-02-2022 अंक 148

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## सरैया में सद्भावना की पेश हुई मिसाल

### पुलिस और आमजनों की सहायता से मंदिर कि निगरानी हेतु लगा सीसीटीवी केमेरा

### निगरानी के लिए सार्वजनिक स्थलों पर कैमरा लगाने का लिया गया संकल्प

**अपेम लाइवः पदमा**

पदमा के सरैया में सामाजिक सद्भावना और सहयोग की मिसाल स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन ने पेश किया। एक ओर जहां विवाद सलटाने में स्थानीय लोगों ने हर तरह से सहयोग किया वहीं मंदिर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की गई। सीसीटीवी लगाने में पुलिस और स्थानीय दवा व्यवसाई शर्मा मेडिकल का प्रमुख योगदान रहा। पुलिस इंस्पेक्टर रोहित सिंह ने व्यवसायियों तथा प्रमुख जनों से सभी



सार्वजनिक स्थलों, पूजा स्थलों तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी को आज की जरूरत बताया। कहा कि कैमरे की निगरानी से सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले की शिनाख्त के साथ अपराध पर भी लगाम लग जायेगा। उन्होंने आमजनों की प्रयासों की प्रशंसा करते हुए सामाजिक समरसता और सौ. हार्द्र बनाने में सक्रिय सभी विशिष्ट जनों को आगे बढ़कर सहयोग करने की बात कही।

## तिलैया डैम में डूबे युवक तीसरे दिन भी नहीं मिला एनडीआरएफ की टीम करती रही मशक्कत

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**

चंदवारा थाना क्षेत्र के जामुखाण्डी के निकट तिलैया डैम में शनिवार को डूबे युवक का सोमवार को कुछ पता नहीं चल सका। सोमवार को रांची से आए एनडीआरएफ की टीम तिलैया डैम में तलाश करते रहे। लेकिन देर शाम तक युवक का कहीं पता नहीं चल सका। ज्ञात हो कि शनिवार को हजारीबाग जिला के इचाक थाना क्षेत्र के खेराकर्मा गांव निवासी बन्टी कुमार दास उर्फ विशाल दास उम्र लगभग 15 वर्ष पिता राजू दास अपने नाना रामेश्वर रविदास के घर मामा की वैवाहिक समारोह में शामिल होने आया था। इसी




तिलैया डैम मैं युवक की तलाश करते एनडीआरएफ की टीम

बीच अपने दो दोस्त राहुल दास व मिथलेश कुमार के साथ दोपहर करीब 12 बजे डैम में नहाने गया। जहां बन्टी कुमार दास उर्फ विशाल दास गहरी पानी में डूब गया। इधर बंटी के कहीं पता नहीं चलने से परेशान उनके परिजनों में मायूसी छा गई।

## बासुदेव यादव के अकासमिक निधन पर समाजसेवी संजय यादव ने किया शोक प्रकट

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड के कोल्हुआकला पंचायत के बाराड़ीह निवासी बासुदेव यादव उम्र लगभग 28वर्षीय पिता श्री जगदीश यादव का आकस्मिक निधन देर रात में हो गया, परिवार में रो रो कर बुरा हाल है, उनके छोटे छोटे दो बच्चे हैं पुत्री का उम्र लगभग 5वर्ष पुत्र का उम्र 3लगभग मृत्यु का कारण कुछ पता नहीं चल पाया, परिवार वालों ने बताया कि रात खाना पीना खा कर सोया और सोए रह गया। समाजसेवी युवा नेता दुख सुख



का साथी संजय यादव ने पहुंचकर परिवार वालों को ढाढस बंधाया और अंतिम संस्कार में उपस्थित हुवे, बालेश्वर यादव सुभाष यादव राजेश यादव सतीश यादव अजय गिरी रमेश यादव परमेश्वर यादव सुरेंद्र यादव विष्णु यादव मनोज यादव सुनील यादव विकास यादव अर्जुन यादव अजय यादव भुनेश्वर यादव धनेश्वर यादव संतोष यादव राजू यादव दिनेश यादव महादेव यादव सहदेव यादव कामेश्वर यादव रविंद्र यादव शंकर यादव सूरज यादव अनिल यादव दिलीप यादव सीआरपीएफ रंजीत यादव इत्यादि लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए

## छज्जा गिरने से 60 वर्षीय महिला घायल, रेफर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही थाना अंतर्गत बरहीडीह निवासी पुनिया देवी उम्र 60 वर्ष घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला अपने घर के बाहर खड़ी थी इसी बीच घर का छज्जा इनके उपर गिर गया। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी मिलने पर आस पास के लोगो ने उन्हे बरही



अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

APEM LIVE

## एंबिशन अकादमी में वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखण्ड के मलकोको पंचायत में संचालित एम्बिशन अकादमी के वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। वार्षिक परिणाम में वर्ग प्रथम से दशम तक के बच्चों का परिणाम पत्र दिया गया। वहीं उप. स्थित अकादमी के संस्थापक अज़हरुद्दीन ने बताया कि एम्बिशन अकादमी एक मात्र कोचिंग संस्थान है जहाँ बच्चों के बीच हर तरह के शिक्षा को सिंचने का प्रयास कर रही है। वर्तमान समय में जिस प्रकार कई विद्यालयों मे किताबी शिक्षा के साथ साथ नैतिक शिक्षा, कला शिक्षा एवं व्यवहा. रिक ज्ञान संचार किया जाता है। ठीक उसी प्रकार सुदूरवर्ती क्षेत्र में संस्थान द्वारा हर प्रकार की शिक्षा को सींच रही है। एम्बिशन अकादमी जो मात्र एक वर्ष में कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों के काबिलियत को निखारने में यथासंभव प्रयास कर रहा है। और भविष्य में आने वाले हरेक प्रकार के प्रतिस्पर्धाओं में भी सभी बच्चों को उनके योग्यनुसार उन्हें मौका देकर उनके काबिलियत को एक नया पहचान दिया जाएगा। साथ ही अकादमी के परीक्षा निरिक्षक के रूप में शोयब अख्तर ने अभिभावकों को बताया कि बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय एवं अकादमी भेजने की प्रयास करें। बच्चों का पहला पा. ठशाला उनका घर और पहला अध्यापिका उनकी माँ होती है। इसलिए सभी अभिभावकों को अपने अपने बच्चों के हरेक कार्य पर ध्यान दें। उन्हें उनके आवश्यकता अनुसार पढ़ाई में सहायता करें। उनके अंदर छुपी हर कलाओं पे ध्यान दें। वार्षिक परीक्षा में वर्ग प्रथम से आसियान, शम्मा, सब्बा , वर्ग द्वितीय से हसन,वसीम, शाहनवाज वर्ग तृतीय से काजल, सोहाना, अफरोज़ी वर्ग चार से जसीम, असलम, समीर, अक्शा वर्ग पांच से साकिब, अमन, नाजमी वर्ग छठा से निज़ाम, सितारा, सानिया वर्ग सप्तम से शबाना, अंजली, आबिद वर्ग अष्ठम से शम्मा , शहज़ादी, राबड़ी वर्ग नवम से तरन्नुम, रुकसार, तबस्सुम एवं वर्ग दशम से काजल, सायरा एवं सजिदा क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने अपने वर्गों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किए। साथ ही वर्ग नवम की छात्रा तरन्नुम प्रवीण ने 198/200 अंक लाकर संस्थान ट०प रही। वहीं बेहतर करने वाले बच्चों को मेडल, परिणाम पत्र एवं प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं कार्यक्रम में हाजी जैनुल्लाब्दीन, असगर अंसारी, सिराजुद्दीन एवं सैकडों अभिभावकों के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा।


## प्रखण्ड मुख्यालय में फूड लाइसेंस कैंप का आयोजन

### खाद सामाग्री में मिलावट करने वाले पर होगी सख्त कार्रवाई

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**




प्रखंड मुख्यालय में खाद कारोबारियों के लिए फूड लाइसेंस तथा रजिस्ट्रेशन हेतु कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला खाद सुरक्षा पदाधिकारी अंजना रानी मिंज उपस्थित थी। मौके पर जिला खाद सुरक्षा पदाधिकारी ने कहा कि कारोबारियों की सुविधा के लिए इस तरह का कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कैंप के माध्यम से अधिक से अधिक खाद कारोबारी फूड लाइसेंस रजिस्टर कराएं। उन्होंने कारोबारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि खाद सामाग्री में किसी तरह की मिलावट करने पर जिला प्रशासन द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी। कैंप में कुल 21 खाद कारोबारियों को लाइसेंस निर्गत किया गया। कैंप में आए कारोबारियों ने जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा की इस तरह से कार्यक्रम करने से कारोबारियों को काफी सुविधा मिलती है। मौके पर अनुमण्डल ऑफिस के लिपिक संतोष कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर दीपक कुमार, सौरव सहाय सहित कई कारोबारी मौजूद थे।

9122222016 बिरेन्द्र कुमार
महालक्ष्मी फर्नीचर
जो सजाए आपके सपनों का घर...
डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।
सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन


ATM
ग्राहक सेवा केन्द्र
स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## वन विभाग द्वारा पीएम आवास तोड़े जाने के मामले में विधायक पहुचे बराय गांव

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड क्षेत्र के बराय गांव में बीते दिन वन विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री आवास को तोड़े जाने के मामले को लेकर सोमवार को बगोदर विधायक विनोद सिंह पहुंचे और मामले की जानकारी लिया श्री सिंह ने पत्रकारों को बताया कि इस स्थल पर वर्षों से कुछ परिवार के लोग रह रहे हैं इसके बा. वजूद पीएम आवास का स्वीकृति हुई पीएम आवास की स्वीकृति में कर्मचारी और वीडियो भी शामिल है इसके बाद भी निर्माणाधीन पीएम आवास को वन विभाग के लोगों ने तोड़ा जिसका मैं कड़ा विरोध करता हूं इस घटना के संबंध में एक समिति का गठन किया जाएगा जिसमें वन विभाग के पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे उसके बाद मामले की जांच पड़ताल की जाएगी इस मौके पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि रणधीर कुमार मंडल भुक्तभोगी भुस्वामी भीम मंडल समेत दर्जनों महिला-पुरुष उपस्थित थे।

## इनर व्हील क्लब गिरिडीह द्वारा विद्यालय को लाइब्रेरी भेंट किया



**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

केंद्र सरकार द्वारा सरकारी विद्यालयों में चलाए जाने वाले रीडिंग कैंपेन के तहत इनर व्हील क्लब गिरिडीह के द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुमदुमी तोपचांची के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायी एवम ज्ञानवर्धक पुस्तकों की लाइब्रेरी बना कर दी गई ।साथ ही बा. लिकाओं की सुविधा हेतु सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन एवम सैनिटरी पैड दी गई एवम उन्हें मासिक धर्म में बरते जाने वाले स्वच. छता के प्रति जागरूक किया गया ।इनर व्हील क्लब गिरिडीह की ओर से पास्ट एसोसिएशन प्रे. सिडेंट प्रभा रघुनंदन ने अंतरराष्ट्रीय इनर व्हील की जानकारी देते हुए बताया कि यह विश्व की सबसे बड़ी महिला संस्था है और हमारे देश मे इसकी पचास हजार सदस्याएँ हैं ,बिहार और झारखंड मिलाकर डिस्ट्रिक्ट 325 कहलाता है और इसके अन्तर्गत 68 क्लब हैं और प्रत्येक शहर में इनर व्हील सदस्याएँ समाज के हर वर्ग के लिए सेवाकार्य करने को ततपर रहती हैं ,विशेषकर महिलाओं के लिए ।इसी का ध्यान रखते हुए स्कूल की लड़कियों के लिए क्लब के द्वारा सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन दिया जा रहा है ।डिस्ट्रिक्ट आई एस ओ रश्मि गुप्ता ने विद्यालय की किशोर बा. लिकाओ को माहवारी के दिनों में अपनाए जाने वाले स्वच्छता के बारे में विस्तार से बताया और उन दिनों में अपने खान पान का विशेष ध्यान रखने की जानकारी दी । क्लब की ओर से पास्ट प्रेसिडेंट मौशुमी सरकार ,ममता कुमारी और दीक्षा बैशखियार उपस्थित थी ।

इस कार्यक्रम में उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुमदुमी ,तोपचांची की प्रधानाचार्या और शिक्षिका ममता कुमारी ने क्लब का पूर्ण सहयोग दिया ।

## नेहरू युवा केन्द्र के द्वारा बच्चों का प्रशिक्षण लिया गया

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




प्रशिक्षण लेते छात्र/छात्रा

बिरनी प्रखंड क्षेत्र के प्लस टू उच्च विद्यालय भरकट्टा के प्रांगण में सोमवार को नेहरू युवा केंद्र और लोक समाधान केंद्र के द्वारा कैरियर मार्गदर्शन कैरियर परामर्श व एक कैरियर मेला का आयोजन किया गया कार्यक्रम का अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अब्दुल अंसारी ने किया जबकि संचालन प्रेरणा केंद्र के सचिव अरुण कुमार ने किया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के बतौर मनोज कुमार सिंह उपस्थित हुए कार्यक्रम में साधन सेवी रूप में अरुण कुमार डी एम बी अलगुंडिया उपस्थित रहे प्रतिभागियों को कैरियर से संबंधित मार्गदर्शन किया गया उपस्थित प्रतिभागियों से कहां की अपने मन की बात रुचि और अपने व्यक्तित्व लक्षण का निर्धारण जरूर करें ताकि अपने कैरियर को सवारने में सफलता मिल सके कार्यक्रम में प्रतिभागी उपस्थित हुए कार्यक्रम में संकुल साधन सेवी अनिल कुमार सिंह कार्तिक कुशवाहा विद्यालय शिक्षक अजय कुमार हीरामणि कुमार ने भी अपने अनुभव से प्रतिभागियों को अवगत कराया प्रतिभागी संतोष यादव सुलेखा कुमारी पूजा कुमारी चंदन कुमार दास मेराज अंसारी आदि का काउंसलिंग साधन सेवी द्वारा किया गया उन्होंने बताया कि रुचि किसी ने सैनिक किसी ने सिंगर बनने के बाद कहे इच्छा के अनुसार प्रतिभागियों ने अपने रुचि को जाहिर किया इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र एवं संबंधित जुड़े लोग हमारे जीवन में कड़ी के रूप में काम करेंगे कार्यक्रम में प्रसाद वर्मा गोपाल महतो महेंद्र पुरी समेत कई लोगो का योगदान रहा।

## ठीकेदार की लापरवाही से आमलोग त्रस्त : राजेश सहाय

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : ब्लौक मोड़ से पपरो होते हुए भंडार चौपारण चतरा पथ तक बने रोड में ठीकेदार की बडी लापरवाही देखने को मिल रहा है। जिससे आम लोग त्रस्त हैं। सड़क बने दो माह हो चुके हैं लेकिन आज तक न तो सड़क के फ्लैंक में मिट्टी भराई की गई है और ना ही पी सी सी रोड पर वाटर क्यूरींग के लिए डाला गया। न ही बालू हटाया गया। जिससे आए दिन राहगीरों के साथ घटना - दुर्घटना घट रहा है। इस सम्बंध में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय द्वारा बताया गया कि ब्लॉक मोड़ से पपरो होते हुए चतरा मोड़ तक नवनिर्मित सड़क में संवेदक की घोर लाप. रवाही के कारण आए दिन दुर्घटनाओं को निमंत्रण दे रहा है। सड़क बनाने के दो महीने बाद भी न तो फ्लैंक में मिट्टी भराई की गई है और ना ही पी सी सी रोड पर वाटर क्यूरींग के लिए डाला गया। न ही बालू हटाया गया है। ज्ञात हो कि यह सड़क काफी व्यस्त सड़कों में से एक है। बतादें कि प्रतिदिन प्रखंड कार्यालय जाने वाले सैकड़ों लोगों एवं प्रशास. निक अधिकारियों का आवागमन इस सड़क से होता है। रोड का कोर नहीं भरे जाने के कारण अनेक वाहनों को रोड पर ही लगा दिया जाता है जिससे प्रखंड कार्यालय एवं एफ सी आई गोदाम आने जाने वालों को अक्सर जाम का सामना करना पड़ता है। आम लोगों व राहगीरों के परेशानियों को देखते हुए जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय ने अतिशीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने और इस समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## आमतोरो में विद्यालय का भवन एवं छत हुआ जर्जर खुले आसमान में बैठकर पढ़ने को विवश है बच्चें

### कई बार पदाधिकारियों को दिया जा चुका है आवेदन, नही हो पाया समस्या का समाधान

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : गांवा प्रखण्ड अंतर्गत आमतोरो गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय आमतोरो का छत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है जिसके छत के जगह आसमान दिखने लगी है। विद्यालय में सैकड़ों बच्चे पढ़ते हैं पर विद्यालय के छत क्षतिग्रस्त होने से बच्चे एवं उनके अभिभावक अपने अपने बच्चों को विद्यालय भेजने में असहज महसूस करते हैं। उन्हें लगता है कि कहीं मेरा बच्चा विद्यालय जाए और कोई बड़ा घटना ना हो जाए। बच्चों ने बताया कि हमलोग विद्यालय में क्लास रूम के बाहर खुले आसमान में पढ़ने को लेकर मजबूर हैं जिससे हम लोगों को ठंड व कड़ी धूप का सामना करना पड़ता है और वही अगर ईश्वर मेहरबान हो गए और बारिश हो गई तो हम लोगों का पढ़ाई पूर्ण रूप से बाधित हो जाता है जिससे हम लोगों को बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। अभिभावकों एवं शिक्षक ने बताया कि हम लोगों ने कई बार इस समस्या को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्थानीय पदा. धिकारी से लेकर उपायुक्त तक इसकी सूचना आवेदन के माध्यम से देने का काम किया लेकिन कई माह बीत जाने के बावजूद आज तक इसका सुध लेने के लिए कोई नहीं आया। वही स्थानीय पदस्थापित सहायक शिक्षक नवीन सिंह ने बताया कि विद्यालय के भवन हेतु कई वर्ष पहले पैसे हम लोगों के फंड में आई थी पर हम लोग भूमि का व्यवस्था नहीं कर सके तत्पश्चात जब विद्यालय क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद हम लोग ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर यह समन्वय बैठाया की पुराने छतिग्रस्त विद्यालय को तोड़कर पुनः उक्त भूमि पर ही नया बिल्डिंग बना दिया जाए ताकि स्थानीय छात्र छात्राओं को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। पर जब तक यह समन्वय बन पाया तब तक यहां से पैसा वापस जा चुका था। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि अभीमन्नू रजवार ने बताया कि विद्यालय का भवन ना होने से छात्र-छात्राओं को बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अतः मैं स्थानीय विधायक सांसद एवं उच्च अधिकारियों से मांग करता हूं कि जल्द से जल्द विद्यालय का निर्माण कराया जाए ताकि यहां के बच्चे पढ़ लिख कर कुछ बेहतर कर सके। जब शिक्षा विभाग के बीपीओ गंगाधर पांडे से इस संबंध में पूछा गया तो उन्हा. ने बताया कि हम लोग प्रयासरत हैं कि विद्यालय जल्द से जल्द बने। इसकी सूचना हम लोगों ने जिला को दिया है और मुझे आशा है कि जल्द ही विद्यालय का निर्माण कराया जाएगा

## खरवार जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर लोगों ने जश्न मनाया।

**अपेम लाइवःबड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव प्रखंड के आंगों पंचायत अंतर्गत ग्राम चेलंदाग के फुटबॉल मैदान में खरवार जाति के सभी उपजाति को अनुसूचित जाति से अनुसूचित जनजाति में शामिल करने पर खरवार भोक्ता समाज संघ ने खुशी जाहिर की है ।जिसे लेकर महावीर गंझू के अध्यक्षता एवं मुनेश्वर गंझु की संचालन में ढोल मंजीरे के साथ एक दूसरे को रंग अबीर लगाकर जश्न मनाया एवं दूसरे को बधाई दी।

खरवार भोक्ता विकास संघ के महावीर गंझू ने कहा कि यह वर्षो की आदिवसीयत की मांग को पूरा किया गया है ।अनुस. ूचित जनजाति में शामिल करने पर हम खरवार समाज के लोग काफी खुश है और इसके लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं जनजातीय कार्य मंत्रालय केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को पूरे खरवार समाज की ओर से आभार व्यक्त करता हूँ ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से बालदेव गंझू ,सुखदेव गंझू , जुगेश्वर गंझू , सरजू गंझू , सहदेव गंझू ,उमेश गंझू , सितेश्वर गंझू ,संगीता देवी , मन. तुवा देवी ,सोहबतीया देवी,संगीता देवी,ललिता देवी एवं गुलशन कुमार सहित दर्जनों महिला पुरुष शामिल थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI
UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


ADMISSION OPEN NOW




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto Xth Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26th Jan & 15th Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

––– डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से



वादा नहीं विकास करेंगे...

जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

## पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य मतदान देकर भारी मतों से विजयी बनाएं...!



सोच हमारी
विकास आपका

कपिल प्रसाद केशरी भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी

## विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो0 – विक्रम कुमार



हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।

TVS Hero BAJAJ HONDA YAMAHA SUZUKI Lifelong ROYAL ENFIELD PIAGGIO Mahindra 2 Wheelers

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :– 6200723851

प्रो0 शिव कुमार 9162759200

## शिव ऑप्टिकल हाऊस

कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो का जांच

हमारे यहां कम्प्यूटर मशीन द्वारा आंखो को जांच कर चश्मा बनाया जाता है।



धनवाद रोड, बरही, पेट्रोल पम्प के सामने (जामा मस्जिद के सामने)

APEM LIVE